# प्रेस नोट थाना सदर बाजार

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

**सराहनीय कार्य दिनांक - 10.07.2026**

## थाना सदर बाजार पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदर बाजार पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 10.06.2026 को वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्त शादाब पुत्र एजाज, निवासी मोहल्ला झण्डा कला, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर, हाल निवासी मोहल्ला बाबूजई, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा शिकायत करने पर उसके परिजनों द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज करने के संबंध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 278/2026 धारा 137(2)/352 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 65(1)/123 बीएनएस तथा 3/4(2) पॉक्सो अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई। आज दिनांक 10.07.2026 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे का वांछित अभियुक्त हद्दफ चौकी के पास मक्कू बजरिया जाने वाले मार्ग पर खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अभियुक्त शादाब पुत्र एजाज को समय 12:05 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को उसके विरुद्ध पंजीकृत मुकदमे एवं आरोपित धाराओं से अवगत कराते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

- ✓ शादाब पुत्र एजाज, निवासी मोहल्ला झण्डा कला, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर, हाल निवासी मोहल्ला बाबूजई, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र लगभग 27 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग/गिरफ्तारीः-**

- ✓ मु0अ0सं0 278/2026, धारा 137(2)/352/65(1)/123 बीएनएस एवं 3/4(2) पॉक्सो अधिनियम, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान व समय अभियुक्त–**

- ✓ हद्दफ चौकी के पास मक्कू बजरिया जाने वाले मार्ग से, दिनांक 10.07.2026 को समय करीब 12:05 बजे।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :-**

1. उ0नि0 श्री नितिन कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।
2. का0 979 मोनू सैनी थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।